हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 31 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

13 धमतरी के मनीष ने मुंबई में रचा इतिहास



14 फुटहामुड़ा नहर परियोजना से नगरी अंचल में आयेगी हरित क्रांति





## खबर संक्षेप

### दरबा में आज होगी मड़ई

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम दरबा में 31 दिसंबर बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए खोरवा कुबरा नाचा पार्टी बालोद की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी उपसरपंच गुलशन साहू एवं तरुण साहू ने दी।

### धौराभाठा में मेला मड़ई 2 को

**मगरलोड।** धौराभाठा में 2 जनवरी शुक्रवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी खल्लारी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच दानीराम देवांगन ने दी है।

### भड़सिवना में मड़ई मेला 2 को

**नगरी।** ग्राम भड़सिवना में मड़ई मेला 2 जनवरी को होगा। सरपंच प्रतिनिधि नीलकुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रात्रि में नवरंग छत्तीसगढ़ लोककला लड़की नाचा पार्टी मावलीभाटा जिला नुवाबाड़ा (ओडिशा) का कार्यक्रम होगा।

### सेमरा में कबड्डी 31 को

**अंवरी।** ग्राम सेमरा (भखारा) में रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसम्बर बुधवार को लक्ष्य युवा मंच एवं ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 9026, द्वितीय 6026, तृतीय 4026 एवं चतुर्थ पुरस्कार 2026 रूपये प्रदान किये जाएंगे। बेस्ट रेडर में 326, बेस्ट डिफेंडर 326 व बेस्ट ऑलराउंडर में 326 रूपये का इनाम दिया जाएगा। प्रवेश शुल्क 301 रुपए है। तैयारी में तामेश्वर साहू, नीरज साहू, मोंटू, चैनसिंह साहू जुटे हैं।

सोंढूर डूब प्रभावितों को सलोनी में मिली है जमीन

# जमीन के मालिकाना हक के लिए तीस साल से विभाग का चक्कर

- रिकार्ड दुरूस्त करने राजस्व, वन तथा सिंचाई विभाग की लगा रहे फेरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सोंढूर बांध विस्थापित 45 परिवार पिछले 30 साल से राजस्व अभिलेखों को दुरूस्त कराने सिंचाई, वन तथा राजस्व विभाग का चक्कर लगा रहे हैं। इस चक्कर में कई प्रभावित स्वर्ग सिधार गए हैं, लेकिन आज भी प्रभावित विभागों का चक्कर काटने को मजबूर हैं।

सोंढूर बांध डूब प्रभावित बीरचंद, लोकेश्वर, श्यामलाल, फूलचंद, भैयालाल, बुधमल, देवनारायण, दिनेश, दयाराम, छबिलाल पटेल, देवकुमार ने सोमवार को कलेक्टर के नाम आवेदन में कहा है कि सन 1988 को सोंढूर बांध का निर्माण होने पर उन्हें विस्थापित होना पड़ा। विस्थापित 45 परिवारों को ग्राम सलोनी तहसील कुकरेल में राजस्व विभाग ने 5-5 एकड़ जमीन का पट्टा दिया। वहां कृषि, सब्जी बाड़ी का काम कर जीवनयापन कर रहे है। उन्हें प्राप्त पट्टों के आधार पर विगत 30 वर्षों से ऋण पुस्तिका भूस्वामी अधिकार के लिए राजस्व विभाग का चक्कर लगा रहे हैं। पीड़ितों ने बताया कि उनके बुजुर्गों ने सन 1990 से 1995 में कृषि सुविधा लेने पटवारी से संपर्क किया तब पटवारी भूमि को सिंचाई विभाग का बताकर सिंचाई विभाग भेज देता था। सिंचाई विभाग द्वारा उन्हें फारेस्ट विभाग भेजा जाता था। फारेस्ट विभाग उन्हें वापस पटवारी के पास भेजता था। उनके पूर्वज पट्टे के साथ विभागों का चक्कर लगाते लगाते स्वर्ग सिधार गए हैं।



### तीस साल बाद राजस्व विभाग से मिली डिटेल

डूब प्रभावितों ने बताया कि 30 साल बाद पूरे केस की डिटेल राजस्व विभाग से प्राप्त हुई है। जिसमें स्पष्ट है कि डूब प्रभावित 102 परिवारों को जमीन दी जानी थी। कई परिवारों ने अनिच्छा जाहिर की। बाकी 45 परिवारों को राजस्व विभाग ने पट्टा दिया, लेकिन राजस्व विभाग ने अभिलेखों को दुरूस्त नहीं किया। पट्टे की मूल प्रति प्रभावितों के पास है। कलेक्टर को दिए गए आवेदन में कहा है कि मई 2025 को राजस्व विभाग से प्राप्त 150 पन्नों का रिकार्ड प्रशासन को आवेदन के साथ दिया गया है जिसमें साफ पता चलता है कि पटवारी ने रिकार्ड दुरूस्त नहीं किया। उनके आवेदन पर भी अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्रभावित 45 परिवारों ने रिकार्ड दुरूस्त कर ऋण पुस्तिका प्रदान कराने की गुहार कलेक्टर से लगाई है।

## एग्रीस्टेक में संशोधन के लिए किसान कलेक्टर से लगा रहे गुहार

**धमतरी।** इस साल किसानों को अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने खूब पापड़ बेलने पड़े हैं। कई किसान आज भी एग्रीस्टेक में संशोधन के लिए सोसाइटी का चक्कर लगा रहे हैं जबकि संशोधन का कार्य 15 दिसंबर से बंद हो गया है।

ग्राम संबलपुर सहकारी समिति में पंजीकृत ग्राम बोड़रा के किसान हेमराज साहू, धनंजय लाल साहू ने हरिभूमि को बताया कि धान खरीदी शुरू होने से पहले उन्होंने अपनी जमीन का एग्रीस्टेक करा लिया था। धान खरीदी शुरू होने के बाद कोटवार ने मुनादी की कि जिन किसानों की जमीन बढ़ी या घटी हो, वह सोसाइटी में जाकर संशोधन करा लें। एग्रीस्टेक में संशोधन कराने ऋण पुस्तिका की फोटोकापी जमा की लेकिन कम्प्यूटर आपरेटर ने उनकी जमीन का संशोधन करने कोई ध्यान हीं दिया। कई बार सोसाइटी का चक्कर लगाया। 26 दिसंबर को आपरेटर ने बताया कि 15 दिसंबर से संशोधन का कार्य बंद हो गया है।



हेमराज साहू बताते हैं कि उनके पास कुल कृषि भूमि 3.56 एकड़ है जिसमें से 1.06 एकड़ का संशोधन होना था। उसे मात्र 2.50 एकड़ का टोकन जारी हुआ है। वह 1 एकड़ 6 डिसमिल जमीन का धान बेचने से वंचित हो रहा है। धनंजय लाल साहू ने बताया कि उनके पास 1.82 एकड़ कृषि जमीन है जिसमें से 1.37 एकड़ जमीन का टोकन कटा है।

47 डिसमिल जमीन का संशोधन नहीं होने से वह धान विक्रय से वंचित हो रहा है। पीड़ित किसानों ने शासन-प्रशासन से गुहार लगाई है कि किसानों के हित में संशोधन की अवधि बढ़ाकर उन्हें राहत प्रदान करें।

बेतरतीब खड़े वाहनों से अक्सर होता है जाम

# जिला अस्पताल मार्ग में लगे जाम में फंसी तीन एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला अस्पताल के मुहाने पर लगे मेगा जाम में संजीवनी 108 की तीन एम्बुलेंस आधे घंटे तक फंसी रही। मशक्कत के बाद ही एम्बुलेंस अपने गंतव्य की ओर रवाना हो पाई।

जिला चिकित्सालय पहुंचने का मुख्य मार्ग रत्नाबांधा रोड से होकर जाता है। म्युनिस्पिल स्कूल के सामने से भी होकर जाते हैं लेकिन इस मार्ग की चौड़ाई कम होने के कारण बड़ी एम्बुलेंस अक्सर रत्नाबांधा मार्ग से होकर ही जिला अस्पताल पहुंचती है लेकिन इस मार्ग में अस्पताल गेट के सामने अघोषित आटो स्टैन्ड, सड़क किनारे लगे ठेले के कारण आवागमन बाधित होता रहता है। अस्पताल पहुंचने वाले मरीज व अटेन्डर पार्किंग शुल्क बचाने के चक्कर में सड़क के दोनों तरफ बेतरतीब ढंग से अपनी दोपहिया को खड़ा कर देते हैं।



यहां तक चारपहिया वाहनों को भी सड़क किनारे खड़ा करते हैं जिसके कारण मार्ग संकरा हो जाने से दिन में कई बार जाम की स्थिति बनती रहती है। कुछ इसी तरह मेगाजाम की स्थिति सोमवार को अस्पताल के बाहर देखने को मिली। सड़कों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के कारण अस्पताल के गेट से लेकर रैन बसैरा तक मेगाजाम लग गया था। इस दौरान संजीवनी 108 की दो एम्बुलेंस अस्पताल में मरीज छोड़कर निकल रही थी। वहीं तीसरी एम्बुलेंस अस्पताल से रिफर मरीज को रायपुर ले जाने निकल रही थी। इसी दौरान मार्ग में लगे मेगाजाम में तीनों एंबुलेंस फंस गई। वैसे भी इन दिनों स्वास्थ्य विभाग में चल रही संविदा भर्ती के अभ्यर्थियों के वाहनों के कारण सड़क जाम हो हा रहा है। लगभग आधे घंटे तक तीनों एंबुलेंस जाम में फंसी रही। किसी तरह रास्ता मिलने पर ही तीनों एंबुलेंस जाम से निकल पाई। इमरजेंसी सेवा में लगे वाहनों को रास्ता नहीं मिलने से मरीजों की जान को खतरा हो सकता था।

## दुष्कर्म मामले में आरोपी को बीस साल की सजा

- एसपी ने उत्कृष्ट विवेचना के लिए एसआई को किया पुरस्कृत

**धमतरी।** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने आरोपी को 20 वर्ष के सश्रम कारावास से दंडित किया है। वहीं प्रकरण के उत्कृष्ट विवेचना के लिए एसपी ने एसआई को नगद पुरस्कार प्रदान किया है।

पुलिस के अनुसार मगरलोड थाना क्षेत्र के करेलीबड़ी चौकी क्षेत्र में नाबालिग के साथ हुई दुष्कर्म की घटना में धारा 363, 366, 374(2) (ढ) भादवि एवं धारा 04, 06 पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में एसपी सूरजसिंह परिहार के निर्देश पर तत्कालीन चौकी प्रभारी एसआई अजय सिंह द्वारा अत्यंत गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सटीक विवेचना की गई। ठोस सबूत, तकनीकी प्रमाण एवं तथ्य जुटाते हुए आरोपी शिवकुमार उर्फ शिवा यादव को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।



आरोपी

प्रकरण की सुनवाई के बाद अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी ने आरोपी शिवकुमार यादव उर्फ शिवा पिता त्रिलोक उम्र 23 वर्ष ग्राम बोरिदखुर्द थाना टिकरापारा रायपुर निवासी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। यह फैसला नाबालिगों में विरूद्ध होने वाले अपराधों पर कड़ी कार्रवाई का सशक्त संदेश देता है।

इस प्रकरण में उत्कृष्ट विवेचना के लिए एसपी सूरजसिंह परिहार ने विवेचक उपनिरीक्षक अजय सिंह थाना प्रभारी करेली बड़ी चौकी को उसकी सेवा पुस्तिका में प्रशंसा प्रवृष्टि के साथ 500 रुपए का नगद पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## खबर संक्षेप





### ज्ञान पर्व के रूप में मनी गुरु घासीदास जयंती

**जीजामगांव।** ग्राम दरबा में गुरु घासीदास जयंती को ज्ञान पर्व के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धि प्राप्त करने वाली प्रतिभाओं का सम्मान किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में अर्चना कोसरिया, मधु साहू, रितेश लहरे, खेल के क्षेत्र में श्रीप्रिया ध्रुव कला एवं संगीत के क्षेत्र में हिमांशु राज सपहा, झालेंद्र सपहा, चंदन सिंह, बबली निर्मलकर, देश सेवा के क्षेत्र में गोविंदा लहरे का सम्मान किया गया। बाबाजी की 269वीं जयंती को धूमधाम से मनाया गया एवं पंथी नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

मरम्मत के लिए बरबांधा के ग्रामीण लगा रहे गुहार, मिल रहा सिर्फ आश्वासन

# 15-20 वर्ष पूर्व अत्यधिक बारिश से टूटे बांध की अब तक मरम्मत नहीं

- बांध के टूटने से क्षेत्र के किसानों को नहीं मिल रही सिंचाई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम बरबांधा में किसानों की जीवनरेखा माने जाने वाला सिंचाई बांध वर्षों से बदहाली का शिकार बना हुआ है। जंगल किनारे स्थित लगभग 100 एकड़ क्षेत्र में निर्मित यह बांध वर्ष 1974 में बनाया गया था, जिससे लंबे समय तक किसानों को भरपूर सिंचाई सुविधा मिलती रही। किंतु करीब 15-20 वर्ष पूर्व अधिक वर्षा के कारण यह बांध क्षतिग्रस्त होकर टूट गया, जिसके बाद से आज तक इसकी मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण नहीं हो सका है।

बांध के टूटने के बाद से गांव के किसान खेती के लिए पूरी तरह वर्षा पर निर्भर हो गए हैं। कई बार शासन-प्रशासन से गुहार लगाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया।



#### कांग्रेस शासनकाल में मिली थी स्वीकृति

इस संबंध में पूर्व विधायक लक्ष्मी ध्रुव ने बताया कि कांग्रेस शासनकाल में इस बांध के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी, लेकिन सरकार बदलने के बाद भी कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। उन्होंने निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं की लगातार अनदेखी की जा रही है।

#### बोर्ड लगाने का औचित्य नहीं

ग्रामीणों का आरोप है कि विभाग ने वास्तविक निर्माण कार्य करने के बजाय केवल एक सूचना बोर्ड लगाकर औपचारिकता पूरी कर दी है। बोर्ड पर जलाशय की जानकारी तो दर्ज है, लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि आज भी बांध टूटा पड़ा है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बांध का अस्तित्व ही नहीं है, तो केवल बोर्ड लगाने का क्या औचित्य रह जाता है।

ग्रामीणों के अनुसार वर्ष 2023 में इस बांध के पुनर्निर्माण के लिए करोड़ों रुपये की स्वीकृति मिलने की जानकारी मिली थी, लेकिन 2 वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बाद भी न तो निर्माण कार्य शुरू हो पाया और न ही मौके पर कोई ठोस गतिविधि दिखाई दे रही है। वर्तमान में बांध की स्थिति जर्जर बनी हुई है, जिससे जल संग्रह संभव नहीं हो पा रहा और किसान सिंचाई सुविधा से वंचित हैं।

#### अतिशीघ्र निर्माण की मांग

पूर्व सरपंच दमन सिंह, पीलाराम कोराम, महेश नेताम, रामसुंदर, गोकुल विक्रम, रामसुंदर ठाकुर, माखनलाल ध्रुवा, नंदलाल मरकाम, हरिराम मरकाम समेत अनेक ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने कई बार प्रशासन से मांग की, जिसके बाद यह कार्य स्वीकृत तो हुआ, लेकिन आज तक धरातल पर उतरा नहीं। उन्होंने मांग की है कि अतिशीघ्र बांध के अधूरे निर्माण कार्य को पूर्ण कराया जाए, ताकि क्षेत्र को पुनः सिंचाई सुविधा मिल सके और किसानों को राहत मिल सके।

नगर प्रशासन की मौन सहमति से निर्माणकर्ताओं के हौसले बुलंद

# मुआवजा मिलने के बाद भी सड़क सीमा में बना रहे घर, काम्पलेक्स

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कुरुद से पांडुका और मगरलोड से धमतरी सड़क चौड़ीकरण कार्य पूरा हो गया है। सड़क सीमा में पड़ने वाले मकान, दुकान की शासन द्वारा मुआवजा राशि प्रदान की गई है। नगर पंचायत मगरलोड में सड़क चौड़ीकरण का मुआवजा लेने के बाद भी सड़क सीमा में परिसर बनाने का खेल खुलेआम चल रहा है। इससे नगर प्रशासन की लचर कानून व्यवस्था की पोल खुल रही है। सड़क चौड़ीकरण में शासन द्वारा लाखों रुपए का मुआवजा लेने के बाद घर, दुकान, कॉम्पलेक्स निर्माण कर नियम कानून को खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। नियम विरुद्ध दुकान कांप्लेक्स निर्माण कर रहे लोगों पर कठोर कार्रवाई नहीं करना नगर प्रशासन की मौन सहमति उजागर हो रही है।



#### भवन अनुज्ञा नहीं लेने से प्रशासन को लाखों की राजस्व हानि

भवन निर्माण की अनुमति एवं अनुज्ञा लेना नगरीय निकाय क्षेत्रों में अनिवार्य है। बिना अनुज्ञा के भवन निर्माण करना अवैध निर्माण माना जाता है । नगर पंचायत मगरलोड में नगर प्रशासन की लचर कानून व्यवस्था एवं निष्क्रिय अधिकारी कर्मचारियों की वजह से 50 दुकान, काम्पलेक्स का निर्माण बिना अनुज्ञा के धड़ल्ले से हो रहे हैं जिससे नगर प्रशासन को लाखों रुपए की राजस्व हानि हो रही है।

#### पार्षदों की शिकायत बेअसर

नगर पंचायत के वार्ड पार्षद विदम चौहान ने बताया कि इस संबंध में नगर पंचायत की बैठक में सामूहिक शिकायत करने के बाद भी अधिकारी-कर्मचारी ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। पार्षदों की शिकायत पर नगर प्रशासन मौन रहकर अवैध कार्यों का को पनाह दे रहा है।

#### नगरीय निकाय में कानून व्यवस्था चौपट

नगर पंचायत बनने के बाद नगरीय निकाय की कानून व्यवस्था चुस्त होनी चाहिए थी परंतु मगरलोड नगर पंचायत में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। कार्यालय में मात्र सरकारी कामकाज हो रहा है। नगर सुरक्षा, स्वच्छता, बसाहट जैसी जनकल्याणकारी सुविधा भगवान भरोसा चल रही है।

#### सीएमओ अवकाश पर

मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक चौहान एक सप्ताह से अवकाश पर हैं। संपर्क करने पर कॉल रिसीव नहीं करने के कारण उनका पक्ष नहीं लिया जा सका।

# कांग्रेसियों ने धान खरीदी केंद्रों का किया निरीक्षण



किसानों की समस्यायों से हुए रूबरू

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

कुरुद ब्लाक कांग्रेस द्वारा धान खरीदी केन्द्रों में निगरानी समिति का गठन किया गया है। समिति ने कुरुद, चर्रा व कातलबोड़ खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। धान खरीदी को लेकर किसानों व विभाग के बीच हो रही समस्या से रूबरू होकर जिला प्रशासन को अवगत कराया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर ने फोन से कलेक्टर अवबिनाश मिश्रा व विभाग के उच्च अधिकारियों को किसानों की समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष आशीष शर्मा, पूर्व नपं अध्यक्ष तपन चन्द्राकर, नपं उपाध्यक्ष देवव्रत साहू, नपा नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू, रमेशर साहू, पार्षद मनीष साहू, रविन्द्र साहू, मनोज अग्रवाल, शत्रुघन साहू, उमाशंकर साहू, भानुप्रताप बैस, टेकेश्वर साहू, संतोष प्रजापति, कामराय साहू, सुनीता साहू, डा. सोहन साहू, मुकेश यादव, भागवत यादव , ईशु साहू, चोवाराम साहू, खोमलाल साहू, डेरहूराम साहू उपस्थित थे।

# अटलजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा को समर्पित रहा : शालिनी

- ग्राम सांकरा में अटल स्मृति दिवस पर हुआ विधानसभा स्तरीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम सांकरा के गांधी चौक में 30 दिसंबर को अटल स्मृति दिवस के अवसर पर विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता शालिनी राजपूत एसआईआर प्रभारी सिहावा विधानसभा एवं सरला जैन पूर्व अध्यक्ष निःशक्तजन आयोग थे। अध्यक्षता विधायक श्रवण मरकाम करेंगे। इस अवसर पर जपं अध्यक्ष महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू, जिपं सदस्य अजय ध्रुव, अटल स्मृति विधानसभा प्रभारी कमल डागा, जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, नगरी मंडल प्रभारी रवि दुबे, मंडल अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, मगरलोड मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू, नगरी मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा, पूर्व नपं अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकर्ता महेंद्र नेताम, जनपद सदस्य राजेश गोसाई, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष हुमीत लिमजा, सरपंच नागेंद्र बोरझा, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नरसिंग मरकाम, मंडल मंत्री संतोष ठाकुर उपस्थित थे।





कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शालिनी राजपूत ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटलजी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रसेवा, लोकतंत्र की मजबूती और सामाजिक समरसता को समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी देश के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अटलजी के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओं ने अटलजी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

#### सिरौदखुर्द में मानसगान आज से

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम सिरौदखुर्द (कुकरेल) में ग्रामवासियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा मानसगान प्रतियोगिता का आयोजन 31 दिसम्बर से 2 जनवरी तक रखा गया है। यह जानकारी ग्राम प्रमुख अजय यादव, चन्द्रहास साहू, नीलमणि, हरिओम ने दी।

#### निधन : कृपाराम साहू



**धमतरी।** ग्राम भानपुरी के प्रतिष्ठित व्यक्ति कृपाराम साहू का रविवार को निधन हो गया । वे 85 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया। वे तीरिथबती के पति और मिलनराम साहू व घनश्याम साहू के पिता थे।

कातलबोड़ में आयोजित हुआ तीन दिवसीय कबीर सत्संग

# अभय साहेब ने कराया श्रद्धालुओं को सनातन का यथार्थ बोध

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरुद

ग्राम कातलबोड़ में आयोजित तीन दिवसीय सत्संग समारोह में कबीर पारख निकेतन कहलगांव जिला भागलपुर बिहार से पधारे क्रांतिकारी युवा संत अभय साहेब ने तीर्थ, दीक्षा, धर्म और सनातन का व्याकरण गत विवेचना करते हुए विभिन्न शास्त्रों, पुराणों रामचरितमानस, श्रीमद् भगवतगीता, बीजक एवं अन्य सदग्रंथों का प्रमाण देकर सनातन का सच्चा अर्थ जनसमुदाय को समझाते हुए भाव-विभोर कर दिया।

उन्होंने कबीर सत्संग में कहा कि सनातन का सही समझ नाहोने के कारण मानव, मानव से लड़ता है। आज जाति और धर्म के नाम पर मनुष्य बंट चुका है। सांप्रदायिक दंगे एवं लड़ाइयां हो रही है, जबकि सनातन धर्म मानव से मानव को जोड़ता है। इसका प्रमाण हमारी संस्कृति का महा संदेश वसुधा एव कुटुंबकम् है, पर हित सरिस धरम नहि भाई, पर पीड़ा सम अघमाई लिखकर सगुण संत गोस्वामी तुलसीदास जी ने मानवता को जो संदेश देना चाहा, वही संदेश उनके 150 वर्ष पूर्व निर्गुण मार्गी संत सतगुरु कबीर ने पोथी पढ़ि पढ़ि जग मुआ, पंडित भया न कोय, ढाई आखर प्रेम का, पढ़े सो पंडित होय कहकर संसार को दिया। स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस, मीरा, नानक रविदास आदि महापुरुषों के जीवन वृतांत एवं दर्शन बताते हुए उन्होंने सनातन का सच्चा अर्थ संगीतमय ढंग से श्रोता समाज को समझाते हुए ईश्वर प्राप्ति का मार्ग गुरु की शरणागति प्रमाणित किया।



कार्यक्रम में हरेंद्र साहेब कबीर आश्रम परसट्ठी नयापारा, समता साहेब कबीर ब्रह्मचारिणी आश्रम नवागांव कचना, विचार साहेब नयापारा, घनश्याम साहेब मंदरौद, श्रद्धा साहेब सहित अंचल के विभिन्न आश्रमों के संत महात्मा एवं साध्वीगण अपनी वाणी से अध्यात्म एवं सनातन का अलख जगाया। कार्यक्रम में रामगुलाल पटेल, अरखराम साहू, पदुमलाल साहू, गोविंदराम साहू, घसियाराम साहू, नरपतलाल साहू, कामराय साहू, देवराय साहू, हरीश साहू, प्रमोद साहू, गयम साहू, हुलेश्वर साहू, डेरहा साहू, डोमन पटेल, संतोष पटेल, बेनीराम साहू, तेजकमल साहू, रविंद्र साहू, रूपेश्वर साहू एवं भुनेश्वर साहू का विशेष सहयोग रहा।

#### पूर्व विधायक ने लिया संतों का आशीर्वाद



सन्तों का सानिध्य लाभ लेने पहुंचे पूर्व विधायक एवं कांग्रेस अन्य पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय समन्वयक लेखराम साहू ने कहा कि आज संत समागम पर उपस्थित होकर मुझे अत्यंत आत्मिक शांति और गौरव की अनुभूति हो रही है। संत कबीरदास ने अपने जीवन और वाणी से हमें मानवता, करुणा और सेवा का जो मार्ग दिखाया, वही मार्ग आज भी समाज को दिशा देने का कार्य कर रहा है। हम सब को भी कबीर की संदेशों को आत्मसात कर अपना जीवन धन्य करना चाहिए और ऐसे संतों का हमेशा सानिध्य लाभ लेना चाहिए।

## अंचल की खबरें

### 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन शुरू



**नगरी।** छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर तीन दिवसीय काम बंद–कलम बंद आंदोलन का पहला दिन पूरे जोश और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। आंदोलन के प्रथम दिवस बड़ी संख्या में कर्मचारी-अधिकारी रावणभाठा मैदान नगरी में एकत्रित हुए और अपनी लंबित मांगों के समर्थन में एकजुटता का प्रदर्शन किया। आमसभा को ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव, महेन्द्र बोझाँ, सुरेंद्र ध्रुव, नीरज सोन, किशोर कश्यप, गिरीश जायसवाल, जोहन नेताम, मदन सेन, पदुम साहू सहित अनेक वक्ताओं ने संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में फेडरेशन की 11 सूत्रीय प्रमुख मांगों को विस्तार से रखते हुए कहा कि कर्मचारियों के अधिकारों और हितों की लगातार अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सरकार से लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की अपील करते हुए मोदी की गारंटी लागू करो का नारा बुलंद किया।

### मुरा के बीएसएफ जवान का हुआ स्वागत



**जीजामगांव।** बीएसएफ की ट्रेनिंग लेने के बाद गृह ग्राम मुरा पहुंचे हरीश कुमार का ग्राम पंचायत और ग्रामवासियों ने भव्य स्वागत किया। मौके पर भुनेश्वर, युवराज, डाहू, बसंत, सुमेर, तुलेश, कमलेश, प्रहलाद, रामकुमार, शंकर, रूपेंद्र, राजू, रामजी, खेमचंद, जोहत, गोकुल, लोकनाथ, जगतपाल, सोमनाथ, गोविन्द गिरधारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### भानु ने खिलाड़ियों को बांटे इनाम



- बानगर में आयोजित हुई क्रिकेट प्रतियोगिता

**कुरुद।** ग्राम बानगर में मुस्कान क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में पिछले 8 दिनों से क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें क्षेत्र की 34 टीमों ने भाग लेकर खेल कौशल का प्रदर्शन किया। पुरस्कार एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि नगर पालिका कुरुद भानु चंद्राकर ने खिलाड़ियों को इनाम बांटे। प्रथम पुरस्कार राजपुर मगरलोड, द्वितीय बानगर और तृतीय पुरस्कार दोनर धमतरी के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया। इस दौरान खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए श्री चंद्राकर ने कहा कि युवा खेल और शिक्षा के माध्यम से नशा से मुक्ति पा सकते हैं। खेल और शिक्षा में अपना ज्यादा समय देकर भविष्य सुनिश्चित करें। इस दौरान बड़ी संख्या में खिलाड़ी एवं आयोजक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### क्रिकेट में तरसींवा की टीम रही विजेता



- नपा उपाध्यक्ष देवव्रत ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

**कुरुद।** कुरूद विधानसभा अंतर्गत ग्राम चोरभट्ठी में आयोजित शीतकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में धमतरी जिले की विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें तरसींवा की टीम विजेता और उपविजेता चोरभट्ठी की टीम एवं तृतीय बगौद की टीम रही। क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह के मुख्य अतिथि कुरूद नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि चोरभट्ठी के इस ग्राउंड में मेरे बचपन की यादें जुड़ी हुई हैं। 20 साल पहले रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता में हमारी विजेता टीम जर्सी पहनकर इस मैदान में क्रिकेट खेलते आई थी। खेल अनुशासन, एकता और स्वस्थ समाज की नींव रखता है। युवाओं का यह जोश निश्चित ही क्षेत्र का गौरव बढ़ाएगा। इस अवसर पर सरपंच शोभाराम साहू, ठाकुरराम साहू, सुरेंद्र साहू, भीषम साहू, एवन साहू, देवेंद्र साहू, हरिशचंद यादव, नंदकिशोर तारक, विजय तारक, गोपी, सागर, मनीष, हर्ष, राहुल, ऋषिराज, नीरज, विशु, सहित ग्रामीणजन एवं खेलप्रेमी उपस्थित रहे।

### एनएसएस छात्रों की दिनचर्या में आया बदलाव



**मगरलोड।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेली बड़ी का एनएसएस शिविर ग्राम बेलौदी में संचालित हो रहा है। स्वयंसेवक अनुशासित जीवन जीना सीख रहे हैं। एनएसएस इकाई का उद्देश्य समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व का निर्माण करना है। प्रतिदिन सुबह 5 बजे उठकर नित्य कर्म करने के पश्चात सुबह 6 से 7 बजे तक प्रभात फेरी कर गांव के लोगों को सुबह उठने के लिए प्रेरित करते हैं। सुबह 7:30 से लेकर 9 बजे तक योग व्यायाम की कक्षाएं संचालित होती हैं। योग के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के तरीके बताए जाते हैं। स्वयंसेवक श्रमदान के लिए ऐसी जगह का चुनाव करते हैं जहां स्वच्छता की अधिक आवश्यक होती है। स्नान, भोजन के पश्चात बौद्धिक परिचर्चा में प्रतिदिन नए व्यक्तियों से मुलाकात एवं उनके विचारों को सुनकर आत्मसात करते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी दुर्गा सिन्हा ने बताया प्रतिदिन योगाचार्य भागीरथी सोनकर, मुकेश कुमार सोनकर, क्रीड़ा प्रभारी गीतेश्वर सिंह साहू द्वारा योग की शिक्षा दी जा रही है।

## खबर संक्षेप



### नूतन हाईस्कूल की कक्षा तीसरी का रंगरोगन

**धमतरी।** नूतन हाईस्कूल सिहावा चौक की कक्षा तीसरी का रंगरोगन एवं शैक्षणिक सजावट का कार्य स्व. श्रीमती मणिबेन लखमशी भानुशाली की स्मृति में भानुशाली परिवार द्वारा कराया गया। यह कार्य रमीला, भरत, किशोर, कमलेश एवं लखमशी भानुशाली के सहयोग से हुआ। कक्षा को विषयानुसार आकर्षक रूप से सजाया गया है, जिसमें हिंदी, अंग्रेज़ी एवं गणित विषयों से संबंधित शैक्षणिक चित्र एवं शिक्षाप्रद सामग्री बनाई गई है। इस सजावट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की सीखने में रुचि बढ़ाना तथा उनके शैक्षणिक ज्ञान को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम का शुभारंभ भरत भानुशाली एवं श्रीमती सरला भानुशाली द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके पश्चात स्व. मणिबेन भानुशाली के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पुष्प अर्पण एवं प्रार्थना की गई। प्राचार्य दिनेश पुरी गोस्वामी ने भानुशाली परिवार के इस सराहनीय के लिए आभार व्यक्त किया। कक्षा के नए स्वरूप को देखकर विद्यार्थी प्रसन्न एवं उत्साहित नजर आए।

### पहली रोटी गाय की अभियान ने छुआ नया शिखर, 100 सदस्यों के साथ सेवा का विस्तार

- जीव दया ग्रुप की गौसेवा पहल को मिला व्यापक जनसमर्थन
- रोटी के दाम में की गई कटौती

**धमतरी।** गौ माता की सेवा को समर्पित जीव दया ग्रुप द्वारा संचालित पहली रोटी गाय की अभियान ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम कर ली है। इस सेवा अभियान से जुड़ने वाले सदस्यों की संख्या अब 100 तक पहुंच चुकी है। अभियान के प्रारंभिक दिनों में जहां केवल 30 किलो आटे से रोटी निर्माण का कार्य शुरू किया गया था, वहीं आज आधुनिक मशीनों की सहायता से प्रतिदिन 135 किलो आटे की रोटियां गौ माता के लिए तैयार की जा रही हैं। यह प्रगति समाज में गौसेवा के प्रति बढ़ती संवेदनशीलता और सहभागिता को दर्शाती है। इस अवसर पर जीव दया ग्रुप ने जनहित में एक सराहनीय निर्णय लिया है कि गाय की रोटी का मूल्य 45 रुपये प्रति किलो से घटाकर 40 रुपये प्रति किलो किया जा रहा है। समूह का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य से जोड़ना है, ताकि ज्यादा संख्या में गौ माता को रोटी उपलब्ध कराई जा सके। समिति के पदाधिकारियों ने यह भी बताया कि भविष्य में जैसे-जैसे सदस्यों की संख्या में वृद्धि होगी, रोटी की दर को और कम करने का प्रयास किया जाएगा। अभियान को सफल बनाने में रानू डागा, मुन्ना छाजेड़, दिनेश भट्टड़ एवं गोलू महावर सहित सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

# धमतरी के मनीष ने मुंबई में रचा इतिहास

- अंतरराष्ट्रीय एमएमए चैंपियनशिप में गोल्ड जीत कर बढ़ाया जिले का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

जिले के युवा फाइटर मनीष साहू ने मुंबई में आयोजित प्रतिष्ठित अनडिनायबल फाइटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल जिले, बल्कि पूरे प्रदेश को गौरवान्वित किया है। 22 और 23 दिसंबर को आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) प्रतियोगिता में मनीष ने अपने दमखम और तकनीकी कौशल का लोहा मनवाया।

प्रतियोगिता के दौरान मनीष साहू ने कुल दो मुकाबले लड़े। पहला मुकाबला जम्मू-कश्मीर के फाइटर के खिलाफ और दूसरा मुकाबला पूर्वी अफ्रीका के मजबूत खिलाड़ी से हुआ। दोनों ही मुकाबलों में मनीष ने बेहतरीन रणनीति, आत्मविश्वास और



आक्रामक खेल का परिचय देते हुए निर्णायक जीत दर्ज की। खासतौर पर पूर्वी अफ्रीकी फाइटर के साथ हुआ मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। इस जबरदस्त फाइट के बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच वर्ष 2026 में एक बड़े फाइट नाइट इवेंट में रीमैच भी तय किया गया है, जिसे हाई-प्रोफाइल मुकाबला माना जा रहा है।

गोल्ड मेडल जीतकर धमतरी लौटने पर मनीष साहू का घड़ी चौक में नागरिक सम्मान किया गया। इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि मनीष ने अपने कठोर परिश्रम और अटूट संकल्प से धमतरी का नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

मनीष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता श्रद्धा नगर निवासी शीतल साहू और पूरे परिवार को दिया। उन्होंने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवार से होने के बावजूद उनके परिजनों ने हर कदम पर उनका साथ दिया, जो आज उनकी सबसे बड़ी ताकत है। मनीष विजडम एकेडमी स्कूल के पूर्व छात्र रहे हैं। मनीष ने बताया कि उन्होंने अपने खेल जीवन की शुरुआत कराते से की थी। बाद में एमएमए के प्रति रुचि बढ़ने पर दिल्ली, उत्तराखंड और थाईलैंड में प्रशिक्षण लिया। उन्होंने कहा कि एमएमए में अपार संभावनाएं हैं, लेकिन छत्तीसगढ़ में अभी इसकी जानकारी सीमित है। भविष्य में बेहतर अवसरों के लिए वे जल्द ही मुंबई शिफ्ट होने की तैयारी कर रहे हैं।

# सुंदरकांड रामकथा में उमड़ा श्रद्धा का सागर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी



शहर के गौशाला मैदान में आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव अंतर्गत सुंदरकांड का भव्य और दिव्य प्रसंग श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। विश्व प्रसिद्ध रामकथा प्रवक्ता पं. आचार्य अतुल कृष्ण महाराज के श्रीमुख से सुंदरकांड की कथा सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

कथावाचक ने सुंदरकांड को जीवन-दर्शन बताते हुए कहा कि यह केवल एक कांड नहीं, बल्कि संकटों से उबरने का मार्ग है। हनुमान जी का समुद्र लांघन, माता सीता से भेंट, लंका दहन और राम नाम की महिमा जैसे प्रसंगों को उन्होंने भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत किया। जामवंत-हनुमान संवाद के माध्यम से आत्मबल और आत्मविश्वास का संदेश दिया गया।

भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा की संगीतमय प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। मातृशक्ति, युवा और बुजुर्ग सभी श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए। कथा के समापन पर महाआरती, पूजन और प्रसाद वितरण किया गया। आयोजक पं. राजेश शर्मा ने कहा कि रामकथा का उद्देश्य समाज में प्रेम, भाईचारा और संस्कारों को मजबूत करना है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों को निरंतर करने की प्रतिबद्धता जताई।

कथा श्रवण करने प्रमुख रूप से गोपाल शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, राजेश शर्मा, जानकी वल्लभजी महाराज, डॉ. रोशन उपाध्याय, श्याम अग्रवाल, दिलीप राज सोनी, योगेश गांधी, डॉ. प्रभात गुप्ता, डॉ. एनपी गुप्ता, डॉ. जेएल देवांगान, अर्जुनपुरी गोस्वामी, विजय सोनी, कविंद्र जैन, अशोक पवार, बीथिका विश्वास, गोलू शर्मा, विकास शर्मा, महेंद्र खंडेलवाल, दीप शर्मा समेत अन्य उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में बनाई मजबूत पहचान : रंजना



**धमतरी।** सुन्दरगंज वार्ड स्थित बीएलओ टू विजय शर्मा के निवास पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू की उपस्थिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का सामूहिक श्रवण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर की गई। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश की सशक्त होती अर्थव्यवस्था, मजबूत विदेश नीति, खेलों में बढ़ती उपलब्धियों तथा सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से भारत की वैश्विक पहचान पर प्रकाश डाला। उन्होंने आत्मनिर्भर और विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। मन की बात के पश्चात श्रीमती रंजना साहू ने कार्यकर्ताओं के साथ संगठनात्मक एवं राष्ट्रीय विषयों पर चर्चा करते हुए कहा कि मोदीजी के नेतृत्व में भारत हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से केंद्र सरकार की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं नागरिक उपस्थित थे।

### सार्थक स्कूल में वीर बाल दिवस मनाया गया




**धमतरी।** मानसिक दिव्यांग प्रशिक्षण केंद्र सार्थक स्कूल धमतरी में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के विशेष बच्चों ने प्रशिक्षक देविका दीवान के मार्गदर्शन में सुलेख लेखन, रंग भरना, कहानी सुनाना एवं पुस्तक पठन जैसी रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता की। मोनिका आहूजा, हर्षिता गजेंद्र, करणवीर सिंह खालसा, नेमेश साहू, आकाश आहूजा एवं दीपाली सोनी ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। संस्था की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बच्चों को गुरु गोबिंद सिंह के वीर बालकों की अमर गाथा सुनाते हुए कहा कि वीर बाल हमें सत्य, सदाचार और साहस के मार्ग पर चलना सिखाते हैं तथा कठिन परिस्थितियों में भी भयमुक्त रहने की प्रेरणा देते हैं। समाज कल्याण विभाग धमतरी की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडे, जिला बाल संरक्षण इकाई की काउंसलर मोहिनी रानी गजेंद्र, सार्थक की सचिव स्नेहा राठौड़, संस्था के सदस्यों एवं प्रशिक्षकों मैथिली गोड़े, कौशिल्या यादव एवं काजल रजक ने विशेष बच्चों की इस रचनात्मकता की सराहना की।

### भोर वेलफेयर फाउंडेशन ने किया वृद्धजनों का सम्मान



**आमदी(धमतरी)।** नगर पंचायत आमदी में भोर वेलफेयर फाउंडेशन ने वृद्धजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ नागरिकों को श्रीफल एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. ज्योति साहू मुरलीधर, उपाध्यक्ष कोमल यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम में हेमंत माला साहू, मनोज साहू, ऋषभ ठाकुर, किरण साहू, पारसमणि साहू, लोकेश साहू, तमन निर्मलकर, योगेंद्र साहू, हरेंद्र पटेल, जय देवांगन, दिलेश साहू, थानेंद्र साहू, विजय साहू, टेकराम साहू सहित अन्य लोग शामिल हुए। अतिथियों ने वृद्धजनों के अनुभव और योगदान को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए उनके सम्मान को सामाजिक दायित्व बताया।

### बिलाईमाता के सेवादारों ने लिया पं.अतुलकृष्ण से आशीर्वाद



**धमतरी।** गौशाला मैदान में कथावाचक अतुलकृष्ण भारद्वाज की कथा जारी है। बिलाई माता सेवादार समिति के सदस्यों ने रामलीला मैदान में पहुंचकर महाराज जी से आशीर्वाद लिया साथ ही शहर की आराध्य देवी बिलाई माता की तस्वीर भेंट की। कथा के आयोजक पंडित राजेश शर्मा का भी अभिनंदन कर उन्हें बिलाई माता की प्रतिमा भेंट की।

# मुकुंदपुर का पर्यटक विश्राम गृह व स्वागत गेट जर्जर

- भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत और प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

जिले के नगरी विकासखंड अंतर्गत लगभग 8 किलोमीटर क्षेत्र में स्थित प्रमुख पर्यटन स्थल मुकुंदपुर का पर्यटक विश्राम गृह और स्वागत गेट बदहाली का शिकार होकर जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। यह विश्राम गृह वर्ष 2014 से बंद पड़ा है और बीते कई वर्षों से प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहा है। कभी पर्यटकों की सुविधा और क्षेत्रीय पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निर्मित यह भवन आज





खंडहर में तब्दील होता नजर आ रहा है। भवन की दीवारों में दरारें पड़ चुकी हैं, छत और प्लास्टर जगह-जगह से उखड़ चुका है तथा चारों ओर झाड़ियां और कंटीली घास उग आई हैं। मुख्य द्वार, दरवाजे और खिड़कियों पर वर्षों से ताले लटके हुए हैं। वहीं पर्यटन स्थल पर बना स्वागत गेट भी अपनी पहचान खोता जा रहा है, जिससे यहां आने वाले पर्यटकों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

स्थानीय ग्रामीणों और क्षेत्रवासियों का कहना है कि मुकुंदपुर क्षेत्र प्राकृतिक सौंदर्य, पहाड़ों और शांत वातावरण के कारण पर्यटन की अपार संभावनाएं रखता है। यदि समय रहते पर्यटक विश्राम गृह का जीर्णोद्धार कर पुनः संचालन किया जाए, तो यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ सकती है। इससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे और क्षेत्रीय विकास को गति प्राप्त होगी।

ग्रामीणों ने कहा कि वर्षों से इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि तत्काल संज्ञान लेकर पर्यटक विश्राम गृह और स्वागत गेट के जीर्णोद्धार हेतु ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि मुकुंदपुर पर्यटन स्थल पुनः अपनी पहचान बना सके और नगरी अंचल के विकास में सहायक सिद्ध हो सके।

# धमतरी बना अंतरराष्ट्रीय संगीत साधना का केंद्र



- लययात्रा : नववर्ष 2026 में भारत-जापान की सुरमयी जुगलबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक मानचित्र पर एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है। स्वर्गीय पं. श्री जगन्नाथ राव महाजन स्मृति में आयोजित लययात्रा नववर्ष 2026 प्रस्तुति अंतर्गत धमतरी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम न केवल शास्त्रीय संगीत प्रेमियों के लिए, बल्कि वैश्विक सांस्कृतिक संवाद का एक सशक्त मंच बनने जा रहा है, जहां भारत और जापान की संगीत परंपराएं एक साथ गूंजेंगी। इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में नागपुर की विख्यात शास्त्रीय गायिका विदुषी डॉ. तनुजा नाफड़े, जापान की प्रसिद्ध पियानो एवं जापानी संगीत साधिका विदुषी सयूमी ताकानो, दिल्ली के ख्यात तबला वादक तानसेन श्रीवास्तव तथा रायपुर के सुप्रसिद्ध हारमोनियम कलाकार पं. चंद्रभूषण वर्मा अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को रसानुभूति कराएंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जनवरी को विविध शास्त्रीय, वाद्य, नृत्य एवं समूह प्रस्तुतियों से होगा, जिसमें गणेश वंदना, राग-वृंद गायन, तबला वादन, सितार, स्वतंत्र वादन तथा नृत्य त्रिवेणी जैसी सुसंगठित प्रस्तुतियां शामिल हैं। 2 जनवरी को शाम 5 बजे से मुख्य अंतरराष्ट्रीय संध्या का आयोजन हरदिहा साहू समाज भवन में किया जाएगा।

# नपं को मिली 1.28 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति

## विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रही नगर पंचायत नगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी में विकास की गति निरंतर तेज होती जा रही है। नवीन नगर पंचायत के गठन को अभी एक वर्ष भी पूर्ण नहीं हुआ है, लेकिन चुनाव के समय किए गए वादों को धरातल पर उतारते हुए नगर पंचायत ने विकास की दिशा में मजबूत कदम बढ़ा दिए हैं। हाल ही में 76 लाख रुपये के विकास कार्यों की स्वीकृति के बाद अब नगरी नगर पंचायत को एक और बड़ी सौगात मिली है। इस बार नगर के सभी 15 वार्डों में कुल 1 करोड़ 28 लाख रुपये से अधिक की लागत से विकास कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव की अनुशंसा से नगर पंचायत नगरी को अधोसंरचना मद



अंतर्गत यह महत्वपूर्ण स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, महापौर रामू रोहरा, पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर, पूर्व विधायक पिंकी शाह एवं श्रवण मरकाम के मार्गदर्शन और प्रयास से नगरी नगर पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हो रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि चुनाव के दौरान उन्होंने महिलाओं, युवाओं एवं आम नागरिकों के हित में जो घोषणाएं की थीं, उन्हें अब क्रमशः धरातल पर उतारा जा रहा है। उपाध्यक्ष विकास बोहरा, लोक निर्माण विभाग के सभापति अश्वनी निषाद तथा सभी पार्षदों के सहयोग से नगर में विकास कार्य तेज गति से संचालित हो रहे हैं। नगर में चौपाटी निर्माण हेतु 15 लाख रुपये की स्वीकृति के साथ-साथ विभिन्न वार्डों में सामुदायिक भवन, नाली निर्माण, सीसी रोड एवं बीटी सड़क जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को मंजूरी मिली है।

इस उपलब्धि पर पार्षद राजा पवार, देवचरण ध्रुव, मिकी गुप्ता, नरेश पटेल, विनीत कोठारी, चेलेश्वरी साहू, जयंती टुकेश्वरी साहू, अलका साव, डगेश्वरी साहू, अंबिका ध्रुव, यशकरण पटेल, शंकरदेव, हरीश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा एवं सभापति अश्वनी निषाद का आभार व्यक्त किया।

# मड़ई केवल आयोजन नहीं, बल्कि लोक जीवन की धड़कन



- आमदी में आयोजित लोक मड़ई महोत्सव में शामिल हुए विधायक, जिपं सदस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विधायक ओंकार साहू अपने गृहग्राम नगर पंचायत आमदी में आयोजित लोक मड़ई महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह और उल्लास देखने को मिला। लोक मड़ई महोत्सव पारंपरिक संस्कृति, लोककला और सामाजिक समरसता का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा।

विधायक ओंकार साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मड़ई केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि हमारे लोक जीवन की धड़कन है। यह वह मंच है जहां गांव, समाज और संस्कृति एक-दूसरे से जुड़ते हैं। मड़ई के माध्यम से हमारी लोक परंपराएं, रीति-रिवाज, खान-पान और आपसी मेल-मिलाप सजीव रूप में सामने आते हैं।

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी लोक संस्कृति और परंपराओं से है। लोक मड़ई जैसे आयोजन सामाजिक सौहार्द, भाईचारे और संवाद को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर मौजूद जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण अंचल की सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखते हैं और समाज को एक सूत्र में बांधते हैं। कलाकारों द्वारा लोकनृत्य, लोकगीत एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां दी गईं।

मौके पर विशु देवांगन, एमन साहू, ऋषभ ठाकुर, पारसमणि साहू, ललिता पटेल, चित्तेंद्र साहू, व्यासनारायण निषाद, तोषण साहू, अनिता ठाकुर, श्रीमती कविता साहू पूर्व पार्षद, शिशुपाल साहू, हेमन्त पाडे समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## बिजनेस साईट

### सुमीत बाजार की वूलन महासेल शुरू ग्राहकों को मिल रहा बंपर डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

विंटर सीजन को खास और किफायती बनाने प्रदेश की सबसे बड़ी रिटेल चेन सुमीत बाजार की ओर से वूलन महासेल की शानदार शुरुआत की गई है। इस महासेल में ग्राहकों को वूलन कपड़ों की आकर्षक और ट्रेंडी रेंज के साथ जबरदस्त ऑफर्स और बेहतरीन डील्स का लाभ मिल रहा है।

सर्दी के मौसम में फैशन और जरूरत दोनों को ध्यान में रखते हुए सुमीत बाजार ने सभी आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए विशेष कलेक्शन पेश किया है। ऑफर्स की बात करें तो चार वूलन आइटम्स की खरीदी पर 50 प्रतिशत, तीन आइटम्स पर 40 प्रतिशत और दो आइटम्स पर 30 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इन ऑफर्स पर नियम व शर्तें लागू हैं। इसके साथ ही सुमीत बाजार स्टोर्स में ईयर एंड सेल के तहत अन्य कई प्रोडक्ट्स पर भी अतिरिक्त लाभ दिए जा रहे हैं। सुमीत बाजार में विंटर सीजन को लेकर ग्राहकों की खासी भीड़ देखने को मिल रही है। यहां स्वेटर, स्वेटशर्ट, हुडीज, जैकेट्स, विंडशीटर, कार्डिगन, वूलन गर्ल्स टॉप, शॉल, स्टोल, मफलर, हैंड ग्लव्स, टोपी और थर्मल वियर सहित विंटर वियर की विस्तृत और आकर्षक रेंज उपलब्ध है।

इसके अलावा साड़ी, कुर्ती, टी-शर्ट, जींस, शर्ट, ट्राउजर्स, सूटिंग-शर्टिंग, सलवार सूट के साथ-साथ गृह उपयोगी वस्तुएं, सजावट और फर्निशिंग आइटम्स की भी बड़ी रेंज ग्राहकों को मिल रही है। पुरुषों, महिलाओं, किशोरों और बच्चों के लिए लेटेस्ट फैशन कलेक्शन के साथ सुमीत बाजार इस सर्दी को स्टाइलिश और बजट फ्रेंडली बनाने में जुटा हुआ है।

## रैली निकालकर सीएम के नाम ज्ञापन सौंपेंगे

# कर्मचारी-अधिकारियों ने भरी हुंकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर ब्लॉक मुख्यालयों में आंदोलन के प्रथम दिवस कलम बंद काम बंद के तहत धरना-प्रदर्शन किया गया। रामलीला मैदान मगरलोड में 11 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार धरना-प्रदर्शन, हल्ला बोल एवं आंदोलन किया गया। ब्लॉक के सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। ब्लॉक प्रवक्ता डेवेश साहू ने कहा कि छग की वर्तमान सरकार चुनाव से पहले घोषणा पत्र में कर्मचारियों के लिए मोदी की गारंटी के तहत घोषणाएं की थी, उसको तत्काल पूरा करना चाहिए तथा कर्मचारियों के हित में 11 बिंदुओं पर अतिशीघ्र फैसला लेते हुए उसका लाभ कर्मचारियों को देना चाहिए। कलम बंद-काम बंद आंदोलन के तृतीय चरण में 31 दिसंबर तक हल्ला बोला जाएगा तथा मांगों को लेकर आंदोलन के अंतिम दिवस मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव छग के नाम से रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा जाएगा। इस आंदोलन में ब्लॉक



संयोजक दयाराम साहू, कोषाध्यक्ष सियाराम कुर्रे, सचिव मुकेश साहू, प्रचार मंत्री बेदराम साहू, सहप्रवक्ता खिलेश्वर सोनबेर, मीडिया प्रभारी प्रेमलाल साहू, चन्द्रशेखर साहू, कीर्तनसिंह नरेटी, होरीलाल साहू, सूरज देवांगन, वेदव्यास सूर्यवंशी, डागेश ध्रुव, दिलीप वर्मा, ओमप्रकाश साहू, भुवनलाल सिन्हा, रविकुमार साहू, चम्पेश्वर यादव, जयंत साहू, दुष्यंत साहू, नितेश ध्रुव, हरीशसिंह ध्रुव, तपन विश्वास, संतोष नेताम, प्रमोद जोशी, चन्द्रहास साहू, श्यामलाल साहू, सूरज देवांगन, रोमेश सूर्यवंशी, व्यासनारायण चन्द्राकर, दीपकुमार साहू, वेदकुमार साहू, इंद्रजीत बागड़े, रोहित दीवान, स्वप्निल बंजारे, मुकुंदराव वाहने, आत्माराम साहू, विकास कंवर, लक्ष्मीनारायण साहू, चुरामन पटेल, हरीश दुबे, प्रभुराम कंवर, डिगेश पाल समेत बड़ी संख्या में कर्मचारी -अधिकारी उपस्थित थे ।

